## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**




Advt.


## खबर संक्षेप

### नगरीय निकाय पेंशनर संघ का राज्यस्तरीय सम्मेलन आज

**धमतरी।** पेंशनर दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर संघ के तत्वावधान में आज 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से विंध्यवासिनी मंदिर के पास नगर निगम के सामुदायिक भवन में राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ डीसी जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में पेंशनर दिवस मनाने के अतिरिक्त विभिन्न विषयों पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा। यह जानकारी पेंशनर संघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर, सचिन प्रभु प्रसाद शर्मा ने दी।

### किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक 18 को

**नगरी।** किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक 18 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे महावीर चौक सामुदायिक भवन डोंगरडुला में रखी गई है। डोंगरडुला, राजपुर, घोटगांव, गट्टासिल्ली, करैहा एवं दुगली क्षेत्र के किसानों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### कोरगांव में मड़ई मेला 19 को

**मगरलोड।** ग्राम कोरगांव में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 दिसंबर शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मोर मयारु माटी छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी रानीढहरा जिला कबीरधाम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच पोखन पटेल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रामकुमार ध्रुव, सचिव शंकरदयाल ने दी है।

### प्रायोगिक परीक्षा 19 से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की नियमित एवं स्वाध्यायी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 19 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से बीएससी प्रथम सेमेस्टर प्राणीशास्त्र, डीएससी एवं जीई तथा 20 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से बीएससी तृतीय सेमेस्टर डीएससी एवं जीई, प्रातः 11.30 बजे से डीएसई तथा 22 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से बीएसी तृतीय सेमेस्टर वनस्पतिशास्त्र डीएसई, डीएससी प्रातः 11.30 बजे से तथा 23 दिसंबर को बीएससी प्रथम सेमेस्टर वनस्पतिशास्त्र डीएससी, जीई की प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 9 बजे से होगी।

### उठाव की सुस्त रफ्तार से खरीदी केंद्र पैक होने की स्थिति में

# आधे से ज्यादा केंद्रों में धान का उठाव शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुस्त उठाव के चलते जिले के कई खरीदी केंद्र पैक होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। इन केंद्रों से यदि उठाव नहीं किया जाता है तो दो तीन दिन बाद इन केंद्रों में धान खरीदी बंद होने की नौबत बन जाएगी। उधर खरीदी केंद्रों में लिमिट नहीं बढ़ाए जाने से किसान भी परेशान हैं। स्थिति यह है कि अब तक 60 प्रतिशत से ज्यादा किसान एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं।

धान खरीदी केंद्रों में समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। सरकार ने कस्टम मिलिंग की राशि घटा दी है, जिसके चलते राइस मिलर्स धान का उठाव करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। वहीं कई राइस मिलर्स तो पुराना चावल ही जमा नहीं किए हैं, जिसके चलते उन्हें उठाव के लिए अपात्र कर दिया गया है। इन कारणों से उठाव की रफ्तार काफी धीमी है। जानकारी के अनुसार पिछले 10 दिन में मात्र 1 लाख 95 हजार क्विंटल धान का उठाव हो पाया है, जबकि इससे 8 गुना ज्यादा धान खरीदी हो चुकी है। ऐसे में धान खरीदी केंद्रों में लगातार जाम बढ़ता जा रहा है। खरेंगा, दोनर, डाही, छाती सहित कई खरीदी केंद्र ऐसे हैं, जहां पर एक दो दिन में उठाव नहीं होता है तो खरीदी केंद्र में जगह ही नहीं बचेगी और मजबूरी में खरीदी बंद करना पड़ सकता है।

#### केंद्रों में लगातार जाम हो रहा धान

उठाव की सुस्त रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के 100 खरीदी केंद्रों में से 52 खरीदी केंद्रों से धान का एक बीज भी नहीं उठाया गया है। इनमें बाजारकुर्रीडीह, कचना, कुंडेल, कपालफोड़ी, अमलीडीह, करेली, खरेंगा, खिसोरा, केरेगांव, करैहा, सियारीनाला, घुटकेल, कसपुर, घुरावड़, छाती सहित अन्य खरीदी केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों में लगातार धान जाम हो रहा है। इनमें से कई खरीदी केंद्र तो पैक होने की स्थिति में पहुंच चुके हैं।



#### लगातार बढ़ रहा जाम

जानकारी के अनुसार जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में रोजाना करीब 1 लाख 40 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो रही है। जबकि उठाव प्रतिदिन 16 हजार क्विंटल के आसपास हो रहा है। ऐसे में खरीदी केंद्रों में रोजाना सवा लाख क्विंटल धान जाम हो रहा है। लगातार खरीदी केंद्रों से उठाव की मांग की जा रही है, लेकिन उठाव में तेजी लाने के लिए शासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

#### 35 प्रतिशत किसान ही बेच पाए हैं धान

उठाव नहीं होने से धान खरीदी की रफ्तार कछुए जैसी चल रही है। जिले में 1 लाख 29 हजार 399 किसानों का पंजीयन धान खरीदी के लिए हुआ है। अब तक मात्र 47 हजार 603 किसान ही धान बेच पाए हैं। 81 हजार 796 किसान एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं। अब वे बेसब्री से टोकन मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश किसान तो बड़े किसान की श्रेणी वाले हैं। जानकारी के अनुसार अब तक 22 लाख 37 हजार 798 क्विंटल धान खरीदा गया है।

# पिकअप की ठोकर से बहन की मौत, भाई घायल

#### ग्राम कोलियारी के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाइक सवार भाई-बहन को तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दी। घटना में बहन की मौत हो गई, वहीं भाई गंभीर रूप से घायल है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय अधारी नवागांव निवासी थानेश्वरी नार्वे पति योगेश उम्र 27 वर्ष अपना मायका ग्राम अछोटा गई थी। मंगलवार की शाम महिला अपने भाई भीमराव के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 बी 8691 में पीछे बैठकर किसी काम से धमतरी आ रही थी। बाइक कोलियारी से गुजर रही थी कि इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप के चालक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में दोनों भाई-बहन बाइक सहित सड़क पर गिर गये। घटना में गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं युवक को घायल हालत में ऑटो की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया गया। संजीवनी 108 एम्बुलेंस की सहायता से महिला को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम बुधवार को होगा। घटना के बाद चालक पिकअप सहित मौके से फरार हो गया है।



# बठेना देशी मदिरालय को हटाने की मांग



■ शराब दुकान के पास बसी श्याम कॉलोनी के रहवासियों का जीना हुआ दूभर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बठेना वार्ड की देशी शराब दुकान को हटाने की मांग आबकारी अधिकारी से की गई है। बठेना वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्यामलाल नेताम सहित वार्डवासी अमर सिन्हा, लिकेश सेन, योगेश सेन, गोविंद श्रीवास, सरिता सिन्हा, धनेश्वरी साहू, पुष्पा सिन्हा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर आबकारी अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वार्ड क्र. 6 बठेना के नहरपार में देशी शराब दुकान संचालित है। यह नहर किनारे श्याम नगर कालोनी से लगी हुई है। कॉलोनी के घरों के नजदीक लोग शराब पीने जमघट लगाते हैं। शराब पीकर गाली-गलौज करने से यहां बसे सभ्य, शिक्षित परिवार के लोगों को भारी असजहता का सामना करना पड़ रहा है। मना करने पर शराबी विवाद करते हैं। पार्षद श्यामलाल ने बताया कि शराब दुकान को हटाने कई बार आवेदन कर चुके हैं फिर भी शासन-प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने पुनः देशी मदिरालय का शीघ्र स्थानांतरण करने की मांग की है।

### बंजारी महिला सरपंच और उपसरपंच फरार

■ ग्रामीण तथा परिजन पतासाजी में जुटे

**धमतरी।** शहर से लगे ग्राम पंचायत बंजारी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां निर्वाचित महिला सरपंच और उपसरपंच दोनों गायब है, जिसकी चर्चा हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी ब्लाक के ग्राम बंजारी की महिला सरपंच और उपसरपंच शुक्रवार से गायब हैं। दोनों का मोबाइल बंद है। परिजन सहित ग्रामीण दोनों जनप्रतिनिधि की खोजबीन में लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि महिला सरपंच की एक दुधमुंही बच्ची है और एक बच्चा आंगनबाड़ी में जाता है। वहीं उपसरपंच का एक जवान बेटा है। दोनों के एक साथ लापता होने की चर्चा सर्वत्र व्याप्त है। जो खबर छनकर आ रही है, उससे उनका लोकेशन उज्जैन एमपी है। गांव के दो प्रमुख जनप्रतिनिधि के गायब होने से पंचायत का कामकाज ठप हो गया है।

# सचिव विहीन कोटगांव पंचायत के ग्रामीण परेशान

#### कलेक्टर से शीघ्र ही सचिव नियुक्ति करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत कोटगांव सचिव विहीन होने से ग्रामीणों को अनेक मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने शीघ्र ही ग्राम सचिव नियुक्त करने की मांग कलेक्टर से की है।

मंगलवार को जनपद पंचायत कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगांव सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सचिव भूपेश नेताम को निलंबित करने के बाद सचिव का पद कुछ माह से रिक्त हो गया है। सचिव के अभाव में दैनिक कार्य, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, आनलाइन कार्य, जन्म-मृत्यु पंजीयन, राशि भुगतान, अभिलेखों का संधारण अत्यंत प्रभावित है। संबंधित अधिकारियों से पूर्व में कई बार सचिव नियुक्ति की मांग की जा चुकी है। अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीण तथा सरपंच को सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत का कार्य संपूर्ण रूप से बाधित है। उन्होंने कलेक्टर से शीघ्र पंचायत सचिव नियुक्त करने की मांग की है।



### हटकेशर में मनेगी गुरू घासीदास बाबा की जयंती

**धमतरी।** सतनामी समाज इंदिरा नगर हटकेशर द्वारा गुरू घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी कर ली है। इस अवसर पर चार दिवसीय विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सतनामी समाज हटकेशर के अध्यक्ष जागेश्वर जांगड़े, उपाध्यक्ष भोज मारकंडे ने बताया कि मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले गुरू घासीदास बाबा के जयंती अवसर पर 17 से 20 दिसम्बर तक विविध कार्यक्रम रखे गए हैं। 17 दिसम्बर को हटकेशर से विंध्यवासिनी मंदिर तक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। 18 दिसम्बर को आरती तथा ध्वजारोहण किया जाएगा। 19 एवं 20 दिसम्बर को दो दिवसीय भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम की तैयारी में दुसन दास जोशी, राजकुमार लहरे, थानू लहरे, मनोज बघेल, अयन दास जोशी सहित सामाजिकजन जुटे हुए हैं।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**मो. 9826114710, 9993322768 9098324969**

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर



बाजार मूल्य ₹ ~~299~~ प्रति पीस वाले

लेडिस **जेगिंग्स**

प्लेन एवं प्रिंटेड

2 पीस ₹99 में 2 पीस

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

रूद्री रोड, धमतरी

*condition apply

## खबर संक्षेप

### देमार में बनेगा महतारी सदन

**धमतरी।** ग्राम देमार में महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने दी। इस पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार जताते हुए




▪ नारी सशक्तिकरण से ही समाज सशक्त होगा: रंजना साहू

कहा कि अब देमार की महिलाएं भी सशक्त एवं समृद्ध बनेंगी। आत्मनिर्भर और स्वावलंबी समाज की दिशा में यह सार्थक सिद्ध होगा। महतारी सदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है जहां उन्हें कौशल प्रशिक्षण (सिलाई, कढ़ाई), उद्यमिता के अवसर और आर्थिक गतिविधियों जैसे स्व-सहायता समूह से जुड़ने का मंच मिलता है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और बेहतर जीवन जी सकें। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। धमतरी की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह सरकार सार्थक कार्य कर रही है। हमारी सरकार धमतरी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नारी सशक्तिकरण से ही समाज सशक्त होगा। इस स्वीकृति के लिए आमदी मंडल अध्यक्ष अमन राव, महामंत्री श्रीमती दमयंतीन साहू, राकेश सिन्हा, सरपंच विमलेश मीनपाल, ग्राम प्रमुख बसंत, परदेशी मीनपाल, संतराम साहू समेत अनेक लोगों ने सरकार का आभार जताया है।

### कुम्हारी में पंथी नृत्य स्पर्धा 19 से

**अंवरी।** कुम्हारी में सतनामी समाज के तत्वावधान 19 से 20 दिसम्बर तक नृत्य एवं कला प्रतियोगिता होगी। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7000 रूपये, द्वितीय 5000 रूपये



एवं तृतीय पुरस्कार 3000 रूपये दिया जायेगा। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपये, द्वितीय 3000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 2000 रूपये रखा गया है। प्रत्येक मंडली को समाज द्वारा सांत्वना राशि 1101 रूपये दी जायेगी।18 दिसम्बर को शाम 4 बजे वीर बलिदानी राजा गुरु बालकदास नवयुवक सतनाम सेना द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी गैंदलाल बघेल अध्यक्ष, देवव्रत बघेल उपाध्यक्ष एवं डोमन सोनवानी ने दी।

## निधन

### ज्योति यदु

**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव निवासी त्रिलोक यदु की मां श्रीमती ज्योति यदु 67 वर्ष का निधन 12



दिसंबर शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर त्रिलोक यदु, यशवंत यदु, शत्रुहन, अवधेश, स्मृति, तृप्ति, जागृति, विवेक, विशाल, संजय, दक्ष, स्तुति, आरुणि, निर्भय, समर्थ सहित अन्य ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट किया।

पूरे नगर में गूंजा मनखे-मनखे एक समान का नारा

# कुरुद में निकली सतनाम संदेश यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सतनाम समाज ब्लॉक कुरूद द्वारा जागरूकता, एकता एवं मानवता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से सतनाम संदेश यात्रा का आयोजन कुरूद में किया गया। यह यात्रा कुरूद नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई जिसमें समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

सोमवार को कुरुद ब्लॉक सतनामी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ, युवा एवं महिला प्रकोष्ठ की अगुवाई में चंडी मंदिर के समीप स्थित जैतखाम में पूजा-अर्चना कर घासीदास बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। संदेश यात्रा के माध्यम से सतनाम समाज के आदर्श सत्य, अहिंसा, समानता, भाईचारा एवं नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। यात्रा के दौरान गुरु घासीदास बाबा के विचारों एवं उपदेशों का स्मरण करते हुए मनखे-मनखे एक समान का नारा गूंजता रहा। धमाल, डीजे, पंथी नृत्य, अखाड़ा, प्रदर्शनी रथ के साथ पूरे नगर भ्रमण किया गया।

अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिशंकर सोनवानी ने बताया कि गुरु घासीदास बाबा के मनखे मनखे एक समान वाले संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर साल सतनाम संदेश यात्रा निकाली जाती है। इसके माध्यम से सर्व समाज को नशामुक्ति, सदभावना और भेदभाव रहित समाज निर्माण का पैगाम दिया जाता है।

### जनप्रतिनिधियों एवं दलीय नेताओं ने किया स्वागत

इस बीच बाजार चौक में ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में कांग्रेसी नेताओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। डिपो रोड के पास नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर आदि भाजपा नेताओं ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। हरिशंकर सोनवानी, सुनील गायकवाड़, तेजेन्द्र तोड़ेकर, दिलीप टंडन आदि सामाजिक पदाधिकारी ने कलाकारों एवं अतिथियों का तिलक चंदन से स्वागत किया।

## हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए : सौरभ साहेब



▪ कैटतराई के गुरु घासीदास मंदिर में हुई गद्दी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी ब्लॉक के कैटतराई में नवनिर्मित गुरु घासीदास बाबा मंदिर में गद्दी स्थापना हुई। इस आयोजन में सतनाम सेना प्रदेश अध्यक्ष सौरभ साहेब सम्मिलित हुए। उनका बस स्टैंड में सतनामी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बस स्टैंड से मंदिर तक डीजे एवं आतिशबाजी के साथ रैली निकाली गई। सौरभ साहेब के स्वागत में पंथी नृत्य किया गया। धर्म गुरु युवराज सौरभ साहेब द्वारा गुरु घासीदास बाबा को आसन में विराजमान किया गया। इसके बाद घासीदास बाबा की मंगल आरती हुई। तत्पश्चात मंदिर के कुंभज में गुरु ने सादा झंडा चढ़ाया। मौके पर धर्मगुरु युवराज साहेब ने कहा कि हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। नई पीढ़ी को बुरे व्यसन से दूर रहने होगा। धर्मेंद्र रात्रे ने बताया कि मंदिर का निर्माण सतनामी समाज के सहयोग से हुआ है। यह एकता और सद्भावना को दर्शाता है। मौके पर अध्यक्ष विष्णु टंडन, उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार भट्ट, ब्लॉक सचिव धना राम सोनवानी, कोषाध्यक्ष भगत मनहरे, कैटतराई अध्यक्ष अनिरुद्ध सोनवानी, जगत मनहरे, शिवनारायण लहरे, सतीश मारकंडे व समाजजन उपस्थित थे।

## गातापार में पंथी नृत्य स्पर्धा 19 से, मड़ई 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम गातापार (सिर्री) में सतनामी समाज के सहयोग से इस वर्ष भी 19 और 20 दिसम्बर को दो दिवसीय पंथी नृत्य एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सतनामी समाज के अध्यक्ष नेमीराम डहरे ने बताया कि 18 दिसंबर को मिनीमाता एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। पश्चात बाबा गुरुघासीदास की जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान भीम आर्मी ग्रुप का कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य अतिथि मनोज कुमार बंजारे प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी, युवराज कुर्रे रायपुर संभाग अध्यक्ष, सुजीत डहरिया रायपुर संभाग महासचिव, कोमल डहरे, हेमराज ढीढी, नेमीराम डहरे गातापार ग्रामीण सतनामी समाज अध्यक्ष होंगे। दूसरे दिन 19 दिसम्बर और 20 दिसंबर को पंथी नृत्य एवं झाकी प्रतियोगिता होगी। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 4001 रूपये, तृतीय 3001 रूपये, चतुर्थ 2001 रुपये, पंचम पुरस्कार 1001 रुपये दिया जाएगा। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रूपये दिया जायेगा। मंचस्थ मंडलियों को सांत्वना राशि 1001 रुपए दी जायेगी। प्रवेश के लिए पोखराज डहरे और शेखर घृतलहरे से संपर्क कर सकते हैं। 21 दिसम्बर को सतनामी समाज द्वारा मड़ई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए शिवभोला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी करमतरा जालबांधा खैरागढ़ की प्रस्तुति होगी।

इस आयोजन में समाज के अध्यक्ष नेमीराम डहरे, कोषाध्यक्ष लोमेश कुमार डहरे, सचिव रमेश कुमार घृतलहरे, भंडारी रामगोपाल घृतलहरे, बृजलाल डाहरे सहित अन्य सामाजिक बंधु जुटे हुए हैं। यह जानकारी नेमीराम डहरे अध्यक्ष सतनामी समाज गातापार ने दी है।

### अछोटी में गुरू घासीदास जयंती 18 को



**सिर्री।** ग्राम अछोटी में सतनामी समाज के तत्वावधान में 18 दिसंबर गुरुवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। मंचीय कार्यक्रम जयस्तंभ चौक के पास दोपहर 12 बजे से शुरु होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रतिभा अजय चंद्राकर होंगी। अध्यक्षता हरिशंकर सोनवानी अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा जिला धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि रागिनी मिश्रा एसडीओपी कुरूद, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, डा. लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, उर्वशी बांधेकर जनपद सदस्य, आनंद साहू उपसरपंच अछोटी, पुरानिक साहू पूर्व जनपद सदस्य, रजऊराम साहू पूर्व सरपंच, जोहतूराम साहू पूर्व अध्यक्ष हाईस्कूल अछोटी, वासुदेव चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य होंगे। इस दौरान 6.50 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जायेगा। गांव की महिला कमांडो, ग्रीन आर्मी और मितानिन बहनों का सम्मान किया जाएगा। मनोरंजन के लिए दोपहर 12 से 2 बजे तक कका भतीजा मंगल भजन ग्राम बंजारी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच पूरनलाल घृतलहरे ने दी।

## विधायक ने कुरुद विस को अनुपूरक बजट में दिलाई 80 करोड़ रुपये की स्वीकृति

▪ मजबूत अधोसंरचना, उन्नत तकनीक और शुद्ध पेयजल की सुविधा से परिपूर्ण होगा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत छग विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अनुपूरक बजट 2025-26 में कुरूद विधानसभा को विभिन्न विकास कार्यों हेतु क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने लगभग 80 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक स्वीकृति हासिल की है जिसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

विधायक कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में पारित प्रथम अनुपूरक बजट में कुरुद विधानसभा के मगरलोड के ग्राम करेलीबड़ी में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य हेतु 2566.47 लाख रुपये, कुरुद विकासखंड के ग्राम भालुझुलन में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना अंतर्गत अधोसंरचना





निर्माण कार्य हेतु 2566.47 लाख रुपये, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में छात्रावास भवन निर्माण कार्य के लिए 272.81 लाख रुपये, नवीन आईटीआई जीजामगांव की स्थापना के लिए 8 पदों के सृजन हेतु 100.00 लाख रुपये, शासकीय नवीन महाविद्यालय सिलौटी में भवन निर्माण कार्य हेतु 100.00 लाख रुपये शामिल है।

### शिक्षा और रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे

नपा अध्यक्ष कुरुद ज्योति चंद्राकर, नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, भाजपा नेतागण कृष्णकांत साहू, हरिशंकर सोनवानी, रवि सिन्हा, वीरेंद्र साहू, गीतेश्वरी साहू, मालकराम साहू ने कहा कि यह उपलब्धि विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयास और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का परिणाम है। इन कार्यों से कुरूद में विकास का नया सूरज उगेगा। क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे एवं मजबूत अधोसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) उन्नत तकनीक और शुद्ध पेयजल की सुविधा से क्षेत्र परिपूर्ण होगा। उन्होंने इनके लिए विधायक का आभार जताया है।

### कुरुद व भखारा में होगा अतिरिक्त पाइप लाइन का विस्तार

नगर पालिका परिषद कुरूद में योजना का स्त्रोत सुदृढ़ीकरण एवं नगर के नवीन विस्तार क्षेत्रों में अतिरिक्त पाइपलाइन विस्तार कार्य हेतु 769.81 लाख रुपये एवं नपं भखारा-भठेली में योजना का स्त्रोत सुदृढ़ीकरण एवं नगर के नवीन विस्तार क्षेत्र में अतिरिक्त पाइपलाइन विस्तार कार्य के लिए 1614.00 लाख रुपये की अनुपूरक बजट में स्वीकृति मिली है।

## सुईन दाई फाफी देवी यादव का 95 वर्ष की आयु में निधन

▪ अपने जीवनकाल में कई प्रसव पीड़िताओं की कराई थी नार्मल डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद ब्लाक के जोरातराई (सिलौटी) निवासी 95 साल की सुईन दाई श्रीमती फाफी देवी यादव का सोमवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीने से बीमार चल रही थी। उनके निधन से गांव में शोक की लहर है। वह अपने पीछे 8 बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई।



स्व. फाफी देवी अपने गांव की प्रसिद्ध सुईन दाई थी। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई प्रसव पीड़िताओं की मदद की थी। वह अपने गांव के अलावा आसपास के गांवों में भी दाई का कार्य करती थी। जब गांवों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच नहीं थी तब उन्हें प्रसव कराने के लिए बुलाया जाता था। सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। वे गुहरी यादव, संतोष यादव की मां थी। उनके निधन पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच सविता गंजीर ने गहरा शोक व्यक्त किया है। ग्रामीण अध्यक्ष यीशु साहू समेत ग्रामवासियों ने उनके अंतिम यात्रा पर शामिल होकर श्रद्धांजलि दी है।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में सुईन दाइयां समुदाय का एक सम्मानित हिस्सा थीं, जिन पर महिलाएं प्रसव के लिए भरोसा करती थीं। स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच मुश्किल थी तब स्व.फाफी देवी जैसी सुइन दाई प्रसव पीड़िताओं की घर पर ही नार्मल डिलीवरी करा देती थी। उनके पास पीढ़ियों से चला आ रहा पारम्परिक ज्ञान और हाथ से प्रसव कराने की तकनीक थी जैसे कि विशेष मालिश, बैठने की स्थिति (उकड़ू बैठना), नाभि नाल काटने के स्थानीय तरीके। वे प्रसव के दौरान महिलाओं को निरंतर भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक समर्थन प्रदान करती थीं, जो आधुनिक अस्पतालों में हमेशा संभव नहीं हो पाता था।

## अंचल की खबरें

### अग्निवीर में चयनित गीतेश का हुआ सम्मान



**मगरलोड।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय खिसोरा के भूतपूर्व छात्र गीतेश कुमार साहू पिता कुम्भजराम साहू का भारतीय वायु सेना अग्निवीर में चयन हुआ है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ और संकुल समन्वयक ने उनका फूलमाला से स्वागत किया। गीतेश कुमार साहू ने बताया कि कठिन परिश्रम से लक्ष्य को पाया जा सकता है। उनमें बचपन से आर्मी में जाने का सपना था जो आज साकार हुआ। इस दौरान संकुल केंद्र हसदा नं 1 के समन्वयक गोविंद यादव, शिक्षक लोचन कुमार साहू, बोधेश्वरी नेताम, सहपाठी पूनम विश्वकर्मा, डिगेन्द्र कुमार पटेल समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### देवपुर में शहीद वीरनारायण को दी श्रद्धांजलि



**पुरी।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र देवपुर में शहीद वीरनारायण को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर जयपाल सिंह मरकाम, कृष्णा नेताम, दिलीप ध्रुव, पूरण मरकाम, मनराखन परई, धनेश नेताम, चुरामन ध्रुव, गौकरण ओटी, धनंजय ध्रुव, अशोक, नंदकुमार ओटी, शिव प्रसाद उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष ने किया मितानिनों का सम्मान



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत कुंडेल में मितानिनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू व विशेष अतिथि जनपद सभापति सरिता रंजीत कश्यप, सरपंच यशोदा मुकेश साहू, मोतिमपुर सरपंच प्रतिनिधि हेमलाल साहू थे। मुख्यातिथि द्वारा मितानिन यशोदा साहू, लक्ष्मी साहू, गायत्री निषाद, चित्ररेखा साहू, खिलेश्वरी साहू, एमटी तेजबाई साहू को साड़ी, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में वीरेंद्र साहू ने कहा कि मितानिनें गांव की डॉक्टर व सच्ची मित्र हैं। हम सबके स्वास्थ्य की देखभाल करती हैं। महिलाओं के प्रसव में भरपूर सहयोग करती हैं।

### 963 सर्वे दल घर-घर जाकर खोजेंगे कुष्ठ रोगी



**धमतरी।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मुलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ रोग खोज एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में 963 कुष्ठ सर्वे दल घर-घर जाकर संबंधित रोगी की खोज कर रहे हैं। वहीं संदेहास्पदक रोगी पाए जाने पर नजदीकी पीएचसी, सीएचसी में जांच के लिए भेज रहे हैं। कुष्ठ सर्वे दल डोर टू डोर व स्कूलों में प्रचार-प्रसार करते हुए गांवों में समूह बैठक ले रहे हैं। अभियान के तहत जिले में प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को कुष्ठ उन्मूलन रथ को सीएमएचओ यूएल कौशिक व डीएलओ एके साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

▪ कुष्ठ उन्मूलन रथ को सीएमएचओ, डीएलओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### बनियापारा में शिवमहापुराण कथा 18 से



**धमतरी।** शिव शक्ति महिला मंडल समिति एवं वार्डवासियों के सहयोग से बनियापारा में संगीतमय शिव महापुराण कथा 18 से 24 दिसंबर तक आयोजित की गई है। कथावाचक कामताप्रसाद शरण होंगे। प्रतिदिन बेदी पूजन, व्यास पूजन, कर्मकांड, आरती, प्रसादी, आचार्य पं. सुजलदास वैष्णव महर्षि आश्रम पांडुका संपन्न करेंगे। कार्यक्रम टैलेंट पब्लिक स्कूल के पीछे पटेल बाड़ी में होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। पहले दिन 18 दिसंबर को सुबह 10 बजे कलश यात्रा, विधि पूजन, व्यास पूजन, शिव पुराण की महिमा, 19 को शिवलिंग उत्पत्ति कथा, 20 को नारद मोह की कथा, सिल्क प्रसंग, 21 को सती चरित्र, पार्वती जन्म, 22 को शिव विवाह, 23 को जालंधर प्रसंग, भस्मासुर की कथा, 24 बुधवार को ज्योतिर्लिंगों के वर्णन के साथ हवन, पूर्णाहूति एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में शिव शक्ति महिला मंडल समिति की संरक्षक प्रेमा यादव, अध्यक्ष जागेश्वरी धीवर, उपाध्यक्ष शांता यादव, कोषाध्यक्ष पुष्पा यादव, सचिव मधु यादव व सदस्यगण सुनीता पटेल, ईश्वरी पटेल, अंजलि यादव, संध्या धीवर, खुशबू अग्रवाल, दुर्गा यादव जुटी हैं।

## श्रमिक परिवार के सपनों को मिली नई उड़ान

▪ मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना से उच्च शिक्षा का मार्ग हुआ प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माणी श्रमिक श्रीमती चंदा बाई साहू पति हरिशंकर साहू निवासी ग्राम सिंधौरीकला विकासखंड कुरूद के परिवार के लिए मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना आशा की किरण बनकर आई है।

श्रीमती चंदा बाई साहू एक निर्माणी श्रमिक (रेजा) के रूप में कार्य करती हैं तथा उनके पति भी दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय के कारण उच्च शिक्षा का सपना अधूरा प्रतीत हो रहा था। इसी बीच श्रम विभाग से संपर्क के दौरान उन्हें निर्माणी श्रमिकों के बच्चों हेतु संचालित





मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना की जानकारी मिली। योजना अंतर्गत उनके पुत्र भूषण साहू ने, जो रायपुर कालेज में डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (द्वितीय वर्ष) में अध्ययनरत हैं, के लिए आवेदन किया। सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन करने के कुछ ही दिवसों में 82,496 रूपये सीधे डीबीटी के माध्यम से हितग्राही के खाते में प्रदान की गई। इस आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ। हितग्राही श्रीमती चंदा बाई साहू ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को पढ़ाने का सपना अधूरा लग रहा था, परंतु योजना से मिली सहायता ने उनके परिवार को संबल दिया। पिता हरिशंकर साहू ने कहा कि वे चाहते थे कि उनका बेटा मजदूरी की बजाय शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने।

श्रम पदाधिकारी नंदकिशोर साहू ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों-सामान्य एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत को पात्रता अनुसार सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 467 तथा 2025-26 में 505 बच्चों को लाभ दिया जा चुका है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
मृत्युंजय कर
वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त)
(भारत सरकार की संस्था) धमतरी




छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
प्रेमलता नागवंशी
जनपद सदस्य नगरी
पूर्व जिला पंचायत सदस्य धमतरी





छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
नरसिंग मरकाम
सरपंच
ग्राम पंचायत सिरसिदा (सिहावा)





छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
श्रीमती शशी ध्रुव
जनपद सदस्य भैसामुड़ा
पूर्व सरपंच सांकरा नगरी




छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
आर.एन. ध्रुव
प्रदेश अध्यक्ष अजजा शा.से.वि.संघ

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 24TH
ओम जायसवाल
सिहावा रोड, धमतरी
नरेन्द्र जायसवाल
वरिष्ठ भाजपा नेता धमतरी




छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
डॉ. अखिलेश देवांगन
धमतरी




छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
M/s.
Yogesh Soni
योगेश सोनी
धमतरी
शाश्वत सोनी
धमतरी


**खबर संक्षेप**

### प्रायोगिक परीक्षा आज

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत बीसीए तृतीय सेमेस्टर विषय प्रोग्रामिंग इन जावा एवं एमएस आईटी प्रथम सेमेस्ट विषय आरडीबी एमएस एण्ड एसक्यूएएल की प्रायोगिक परीक्षा आज 17 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से होगी। छात्र-छात्राएं अपनी आवश्यक प्रायोगिक फाइल के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी उपस्थिति दें। अनुपस्थिति की दशा में विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 को

**धमतरी।** सतनामी समाज के युवक-युवतियों को वैवाहिक एवं सामाजिक परिचय का सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से गुरुबालक दास सभा भवन जोधापुर डाकबंगला वार्ड पीजी कॉलेज रोड धमतरी में होगा। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने वाले युवक- युवतियों के लिए पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा अनिवार्य रहेगा। विधवा एवं दिव्यांग युवक–युवती भी सम्मेलन में भाग ले सकेंगे। पंजीयन शुल्क 201 रुपये है। रात्रि में सुर वंदना शशि रंगीला स्टार नाइट लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी। तैयारी में रमेश लहरे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज कल्याण समिति एवं सतनामी शासकीय सेवक संघ, नंदकुमार बंजारे जिला सचिव, डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे सलाहकार एवं संरक्षक तथा कपिल देशलहरे जिलाध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डोमन चंदेल, योगेश डहरिया उपाध्यक्ष, साहिल टंडन एवं भूषण कोसर सचिव तथा मनोज खरे कोषाध्यक्ष, नरेश बघेल जिला सचिव, सुंदरलाल सोनवानी सचिव, सतनामी शासकीय सेवक संघ, शिव कुमार कोसरे, भूषण जांगड़े कोषाध्यक्ष सतनामी समाज जुटे हैं।

### घासीदास जयंती पर चरमुड़िया में 18 व 19 को मेला

**सिर्री।** ग्राम चरमुड़िया में इस वर्ष भी सतनामी समाज के तत्वावधान में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई जाएगी। 18 व 19 दिसंबर को जयंती के अवसर पर दो दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है। 18 दिसंबर को श्वेत खाम में पालो चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी। प्रत्येक घर से कलश यात्रा निकाली जाएगी । गरियाबंद मजरकटा के सतनाम तेरे नाम पंथी पार्टी व भिलाई 3 के पंथी दल अपनी प्रस्तुति के साथ गुरु घासीदास बाबा के जीवन चरित्र को पंथी नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित करेंगे। 19 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास के जीवनी पर देवन्तीन बाई सतनामी बैतलपुर थाना सरगाओ जिला मुंगेली द्वारा पंडवानी चौका आरती कार्यक्रम किया जाएगा। शाम 6 बजे समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह कार्यक्रम होगा। रात्रि में परसा के फूल दानी वर्मा कृत ( कवर्धा ) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी तेजेंद्र तोड़ेकर सरपंच प्रतिनिधि चरमुड़िया ने दी।

**कांग्रेसियों का आरोप :** निगम प्रशासन और महापौर जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन

# नगर निगम में अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों का सात दिवसीय धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम में व्याप्त प्रशासनिक अव्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी और बढ़ते भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने मंगलवार को सात दिवसीय धरना प्रदर्शन की शुरुआत की। आंदोलन का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

धरने की शुरुआत महिला कांग्रेस पार्षदों द्वारा शंखनाद कर की गई। शंखनाद को अन्याय, भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चेतावनी और जनजागरण का प्रतीक बताया गया। महिला पार्षदों ने कहा कि धमतरी नगर निगम में जनता की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है,



जिससे आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

कांग्रेस पार्षदों का आरोप है कि धमतरी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल संकट, सफाई व्यवस्था की बदहाली, जर्जर सड़कें और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमजोर स्थिति ने आम नागरिकों का जीवन कठिन बना दिया है। निगम प्रशासन और महापौर जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बने हुए हैं।

पार्षदों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि धमतरी की जनता के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई है। सात सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू किया गया यह धरना शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन मांगें पूरी होने तक लगातार जारी रहेगा।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि धमतरी नगर निगम में भ्रष्टाचार और लापरवाही चरम पर है। जनता की उम्मीदें टूट चुकी हैं, इसलिए कांग्रेस पार्षदों को सड़क पर उतरना पड़ा। उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि नगर निगम में पारदर्शिता और जवाबदेही पूरी तरह समाप्त हो गई है। पार्षदों की बातों को लगातार दबाया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि आकाश गोलछा ने कहा कि धमतरी शहर में विकास कार्य केवल कागजों में हो रहे हैं, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि महिलाओं और आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। शंखनाद इसके खिलाफ चेतावनी है। पार्षद सूरज गहरवाल ने कहा कि सफाई और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पार्षद पूर्णिमा गजानंद रजक ने कहा कि यह धरना धमतरी की जनता की आवाज है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। पार्षद योगेशलाल ने कहा कि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार से आमजन परेशान है और पारदर्शी व्यवस्था की मांग कर रहा है।

पार्षद रामेश्वरी कोसरे ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही।

पार्षद उमा भागी ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस पार्षद दल जनता के हक के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करेगा। धरना प्रदर्शन में पूर्व पार्षद राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, ज्योति वाल्मीकि, कमलेश सोनकर, अजय चोवाराम वर्मा, शबीना अंजुम, श्याम देवांगन, अविनाश मरोठे, देवेंद्र देवांगन, कन्हैया सोनी एवं घनाराम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दुर्गेश ने जीता बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

17 वीं सीनियर पुरुष व महिला छत्तीसगढ़ राज्य मुक्केबाजी चैंपियनशिप भिलाई नगर में आयोजित की गई, जिसमें जिले के खिलाड़ी दुर्गेश पटेल ने क्वाटर फाइनल मुकाबले में मुंगेली के खिलाड़ी से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल राउंड में बालोद जिले के खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका मुकाबला भिलाई के खिलाड़ी से हुआ। कड़े मुकाबले में हारकर उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। दुर्गेश ने बॉक्सिंग के खेल में रजत पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़



प्रदेश एमोचर बॉक्सिंग एशोसिएशन के महासचिव चूड़ामणि ठाकुर, जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी, सहायक खेल अधिकारी जगतपति देव, बॉक्सिंग क्लब के सदस्य लोकेश साहू, उदय यादव, वीरेंद्र मीनपाल, यामिनी मीनपाल, एवन मरकाम, सीताराम, नम्रता साहू, अर्पित सोनकर, हर्ष सोनकर ने हर्ष जताया।

## नितिन के नेतृत्व में पीएम मोदी के सशक्त एवं समर्थ भारत को मिलेगी नई दिशा : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने प्रातःकाल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीधे जुड़कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि नितिन का संगठन और शासन में लंबा एवं समृद्ध अनुभव पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। श्री गांधी ने कहा कि नितिन नबीन पांच बार के विधायक रह चुके हैं तथा बिहार सरकार में मंत्री के रूप में उन्होंने कुशल प्रशासनिक क्षमता का परिचय दिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी के रूप में उनके मार्गदर्शन में संगठन को मजबूती मिली और राज्य में भाजपा सरकार के गठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत मिशन 2047 के लक्ष्य को साकार करने हेतु नितिन नबीन राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में सशक्त भारत एवं समर्थ भारत की दिशा में ठोस रोडमैप तैयार करेंगे। उनका नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा देगा और एक नए युग के सूत्रपात का सशक्त अध्याय लिखा जाएगा। श्री गांधी ने विश्वास जताया कि नितिन नबीन का नेतृत्व युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा तथा सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को आत्मसात करने के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

## जिले की विभिन्न प्रभात शाखाओं में मना प्रहार दिवस व प्रहार महायज्ञ व्रत

- दंड प्रहार से अनुशासन, साहस एवं आत्मरक्षा की भावना विकसित होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभिन्न प्रभात शाखाओं में प्रहार दिवस एवं प्रहार महायज्ञ व्रत 2025 श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साह से मनाया गया। प्रातः 6 बजे स्वयंसेवक निर्धारित स्थलों पर एकत्रित हुए। संघध्वज फहराने के पश्चात दंड प्रहार का अभ्यास किया गया, जिसमें युवा एवं प्रौढ़ स्वयंसेवकों ने पूर्ण निष्ठा के साथ सहभागिता की।

उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर 1971 को भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में यह दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी गौरवशाली विजय की स्मृति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर को प्रहार दिवस मनाया जाता है, जिसके माध्यम से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं शारीरिक-सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया जाता है। शिवाजी प्रभात शाखा में नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र ने 151, प्रतापराव कृदत्त ने 115, शिवाजी साहू ने 100, राघवराव रणसिंह ने 300, राजू सोनकर ने



730, उमेश सिंह बशिस्ट ने 750, शिरोमणि घोरपड़े ने 501, नितेश कुंभकार ने 320, दिनेश पटवा ने 360, राजकुमार पटेल ने 900, ऋषिकांत सिन्हा ने 200, पवन कौशिक ने 100, देवेंद्र गुप्ता ने 40, विनोदराव रणसिंह ने 151, नील पटेल ने 151, दिनकर राव चव्हाण ने 51 तथा योगेश साहू ने 51 दंड प्रहार किए। इस शाखा में कुल 4961 प्रहार संपन्न हुए। मां जगत जननी रिसाई माता प्रभात शाखा आमातालाब धमतरी में आयोजित प्रहार महायज्ञ व्रत 2025 में 14 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इनमें 45 वर्ष से कम आयु के 4 स्वयंसेवक शामिल रहे। यहां 8 स्वयंसेवकों ने न्यूनतम 1000 से अधिक प्रहार किए। कुल 12,173 प्रहार हुए, जिनमें 12 स्वयंसेवकों द्वारा सटीक प्रहार किए गए। सभी 14 स्वयंसेवकों ने 100 से अधिक प्रहार किए। मां विंध्यवासिनी प्रभात शाखा में आयोजित प्रहार अभ्यास में लेखराम नेताम ने 1720, नोहेरलाल देवांगन ने 1100, शैलेन्द्र साहू ने 486, निलेश कुमार देवांगन ने 750, अनुपम कुमार देवांगन ने 400, चंद्रशेखर घृतमवार ने 600, होमेश्वर चंद्राकर ने 250, वसंत कुमार सोनकर ने 499, केदारनाथ वर्मा ने 102, विशाल ने 400 तथा ओमेश साहू ने 28 दंड प्रहार किए। इस शाखा में कुल 6335 प्रहार संपन्न हुए।


प्रहार दिवस एवं प्रहार महायज्ञ व्रत का आयोजन स्वयंसेवकों की शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक सुदृढ़ता के साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाता है। दंड प्रहार से अनुशासन, साहस, एकाग्रता, आत्मसंयम एवं आत्मरक्षा की भावना विकसित होती है, जिससे स्वयंसेवक समाज और राष्ट्र के लिए स्वस्थ, सक्षम एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बन सकें।

## हेमराज को मिली बस्तर संभाग की जिम्मेदारी

- भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने संभाग प्रभारियों की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छग प्रदेश ने वर्ष 2025 के लिए संभाग प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अशोक साहू ने की है। बस्तर संभाग के प्रभारी हेमराज सोनी बनाए गए। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका, कार्यकुशलता और पिछड़ा वर्ग समाज के बीच निरंतर संपर्क को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति से बस्तर संभाग में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



नई जिम्मेदारी मिलने पर हेमराज सोनी ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस सूची में दुर्ग, सरगुजा, रायपुर और बिलासपुर संभाग के लिए भी प्रभारियों की घोषणा की गई है।

## जिपं सदस्य ने तरसींवा में चना बीज का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम तरसींवा में लखपति दीदियों को पौध संरक्षण औषधि तथा कृषकों को उन्नत किस्म के चना बीज का वितरण जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर ने किया। इस दौरान किसानों को फसल चक्र परिवर्तन, कृषि अनुदान की जानकारी दी गई। मौके पर जनपद सदस्य श्रीमती भारती साहू, सरपंच श्रीमती झामिन सिन्हा, उपसरपंच भुनेश्वर सिन्हा, तरसींवा के प्राधिकृत अधिकारी केशव साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष अलख राम



साहू, कृषक हजारीराम साहू, जितेंद्रपुरी गोस्वामी, संतोष सिन्हा, कृषि अधिकारी मयंक कुमार नागवंशी, कृषि सखी बिहान श्रीमती चंद्रकला साहू, पशु सखी बिहान अनीता यादव समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुजरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एम्बुलेंस की कमी





- आपातकाल सेवा के लिए मरीजों को उठानी पड़ती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत गुजरा में एम्बुलेंस तथा ग्राम तुमराबहार में शिक्षक की मांग की गई है।

गुजरा सरपंच दुर्गेश्वरी साहू तथा वरदान सेवा संस्था के शिवा प्रधान ने कलेक्टर से मुलाकात कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस की मांग करते हुए कहा कि गुजरा स्वास्थ्य केन्द्र में दूर-दूर से मरीज उपचार के लिए आते हैं लेकिन यहां एम्बुलेंस नहीं होने से मरीज एवं परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गुजरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए एक एम्बुलेंस स्वीकृत करने की मांग कलेक्टर से की है।

### तुमराबहार माध्यमिक शाला में शिक्षक की मांग

शाला प्रबंधन समिति तुमराबहार के अध्यक्ष संजय यादव, गजनूराम, आत्मा कुंजाम, अंजू मरकाम, प्रेमलाल ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि शासकीय माध्यमिक शाला तुमराबहार के प्रधानपाठक प्रेमूराम साहू प्राचार्य पद में पदोन्नत होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भोयना में पदस्थ हो गए हैं। अब विद्यालय में सिर्फ दो शिक्षक पदस्थ हैं जिससे अध्यापन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिले प्रीतपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

14 दिसंबर से नया रायपुर स्थित नए विधानसभा में शीतकालीन सत्र प्रारंभ हो गया है। नए विधानसभा में धमतरी के युवा नेता प्रीतपाल छाबड़ा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का अभिनंदन किया।

# उजड़े परिवारों को आखिर कब मिलेगा आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में बड़ी रेललाइन परियोजना का खामियाजा अब आम गरीब परिवार भुगत रहे हैं। स्टेशनपारा क्षेत्र से हटाए गए अतिक्रमण के बाद सैकड़ों परिवार तितर-बितर हो गए हैं। कोई डागा धर्मशाला मैदान में कपड़े का अस्थायी आशियाना बनाकर रहने को मजबूर है, तो कोई पुरानी मंडी में शेड के नीचे जिंदगी काट रहा है। कुछ परिवार महिमा सागर स्थित अटल आवास पहुंचे जरूर, लेकिन वहां भी हालात बद से बदतर बने हुए हैं।

रेलवे की कार्रवाई के बाद करीब 60 से अधिक परिवार दानीटोला क्षेत्र स्थित अटल



आवास में आकर बसे हैं। यहां न तो पर्याप्त बिजली है, न पानी और न ही शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं। खंडहरनुमा मकानों में रह रहे लोग हर पल हादसे की आशंका के साए में जीने को मजबूर हैं।

बुजुर्ग महिला कृष्णा बाई और कुमारी बाई ने बताया कि वे पहले स्टेशनपारा में रहते थे, लेकिन अतिक्रमण हटने के बाद सिर से छत छिन गई। यहां रहने तो आ गए, मगर जीने की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने पीड़ा जाहिर की।

स्थानीय लोगों के अनुसार पानी के पानी लिए रोज संघर्ष करना पड़ता है। शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार रात में जागकर पहरा देना पड़ता है, क्योंकि जर्जर भवनों और असुरक्षित माहौल में जान का खतरा बना रहता है।

डागा धर्मशाला परिसर के आसपास मुन्नी बाई, मथुरा बाई, पुष्पा बाई, आरती, गंगाबाई, ज्योति, गीता, रिकी, मुनेश्वरी, हिरौंदी बाई, शरद बाई, गीताबाई, छोटी, केसरबाई, सुमित्रा बाई, मधु बाई समेत करीब 40 परिवार बिना बिजली, बिना पानी और बिना सुरक्षा के रह रहे हैं। जमीन उबड़-खाबड़ होने के कारण बिच्छू और जहरीले जीवों का डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि रातभर जागकर समय काटना उनकी मजबूरी बन गई है।

### प्रशासन से गुहार, फिर भी अनसुनी

पीड़ितों का आरोप है कि उन्होंने शासन-प्रशासन और अधिकारियों से कई बार अपनी व्यथा सुनाई, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकला। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित परिवारों के लिए व्यवस्था की जा रही है और लॉटरी सिस्टम के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।

### पार्षद ने किया अनोखा विरोध

वार्ड पार्षद रामेश्वर उर्फ छोटू खुद डागा धर्मशाला परिसर में बोरिया-बिस्तर लेकर सोने पहुंचे थे। उन्होंने निगम को यह बताने की कोशिश की कि विस्थापित परिवार किन हालात में जीवन बिता रहे हैं।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रुकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, श्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्यायपारा नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज